# राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ का इंदौर-मुंबई हाइवे पर चक्काजाम किया

## खलघाट टोल पर किसानों का विशाल प्रदर्शन, हजारों किसान मांगों को लेकर सड़क पर उतरे, टोल प्लाजा को पूरी तरह किया बंद




**कसरावद।** मगरखेड़ी.राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के नेतृत्व में आज इंदौर-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर किसानों ने सुबह से ही चक्काजाम कर दिया है। खलघाट टोल टैक्स के पास हजारों किसान इकट्ठा होकर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं।

आंदोलन के चलते हाईवे पर ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो चुकी है। खलघाट टोल टैक्स के पास सुबह से ही किसानों का भारी जमावड़ा देखने को मिला, जहां राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के नेतृत्व में हजारों किसान अपनी मांगों को लेकर इंदौर-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्का जाम करते नजर आए। किसानों का कहना है कि उनकी समस्याओं को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है, जिसके चलते उन्हें सड़क पर उतरकर विरोध जताना पड़ रहा है। चक्का जाम के कारण हाईवे पर दोनों ओर लंबा जाम लग गया है और यातायात पूरी तरह ठप हो गया है, जबकि पुलिस और प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए हैं। वही आंदोलन का हिस्सा महिलाएं भी बनी हुई है।वही किसानों में काफी आक्रोश नजर आ रहा है वहीं पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद लगा हुआ है इसी चक्काजाम को लेकर कई बस यात्री खलघाट चौराहे पर उतरकर धामनोद की और पैदल जा रहे हैं।

वही टोल प्लाजा को पूरी तरह बंदकर हाईवे पर बैठ गए हैं और हनुमान चालीसा का पाठ सहित नारे लगाए जा रहे हैं।

वही लगातार पिछले 24 घंटे बीतने के बाद भी किसानों का धरना प्रदर्शन जारी है वहीं पुलिस प्रशासन की समझाइश देने के बाद भी कोई मानने को तैयार है। किसानों ने ट्रेक्टर भी सड़क पर लगा दिए हैं साथ कुछ किसानों ने पेड़ गिराकर हाईवे पर रख दिए हैं वहीं खलघाट से लगाकर धामनोद तक किसानों का जमावड़ा देखने को मिल रहा है। इस बीच कुछ बस यात्री भी परेशान होते दिखाई दिए जो खलघाट से धामनोद की और पैदल जा रहे थे।अभी भी किसान लोग बैठे हुए हैं समाचार लेकर जाने तक किसान धरना आंदोलन पर बैठे हुए है।

### किसान आंदोलन का जिले में दिखा असर, कहीं मार्ग किया डायवर्ट तो कहीं किसानों को रोकने पर हुआ हंगामा



**खरगोन, निप्र।** जिले की सीमा से लगे मुंबई- आगरा हाईवे पर खलघाट टोल नाके पर किसान आंदोलन का असर जिले में भी देखने को मिला। सुबह से ही किसानों के वाहन गांव, कस्बों से होकर शहर एवं ब्लॉक के रास्तों से होकर खलघाट के लिए रवाना हुए। इस दौरान पुलिस ने जगह-जगह बेरिकेटिंग कर मार्ग डायवर्ट किए तो वहीं कसरावद में आंदोलन में शामिल होने जा रहे किसानों को रोकने पर हंगामें की स्थिति भी बनी। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के आह्वान पर खरगोन, खंडवा, बड़वानी और धार जिले के किसान आंदोलन में शामिल हुए। इस आंदोलन में शामिल होने जा रहे किसानों को कसरावद पेरामाउंट स्कूल के समीप रोकने पर किसानों के चक्काजाम प्रदर्शन करने के समाचार भी मिले है। किसानों का कहना है कि उनकी कई महत्वपूर्ण मांगें लंबे समय से लंबित हैं, जिन पर सरकार को ठोस कदम उठाना चाहिए। किसानों का कहना है पुलिस प्रशासन हमें जबरन रोक रही है। हम आंदोलन में शामिल होने जा रहे हैं। आंदोलन शांतिपूर्ण ढंग से किया जा रहा है ।

## एक नजर में

### भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष का स्वागत



**मंडलेश्वर निप्र।** निमाड़ संभाग के संगठन प्रभारी और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा का मंडलेश्वर नगर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया सबसे पहले प्रदेश उपाध्यक्ष ने बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया यहां भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र यादव मंडल उपाध्यक्ष हरि गाडगे मनोज शर्मा ब्रह्मदत्त चौहान सहित भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक राजकुमार मेव की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।प्रदेश उपाध्यक्ष ने बिहार चुनाव में भाजपा की जीत के लिए कार्यकर्ताओं को बधाई दी और एस आई आर कार्य के लिए बी एल ओ के साथ मिलकर कार्य करने की अपील भी की।

### अशोक वैद्य की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह हुआ



**गोगावा निप्र।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा गोगावा में पदस्थ रहे शाखा प्रबंधक अशोक कुमार वैद्य के 30 नवंबर 2025 को सेवा से निवृत्त होने पर बैंक शाखा गोगावा के स्टाफ कर्मचारियों ने वैद्य को शाल श्रीफल से सम्मानित कर विदाई दी।वैद्य ने बैंक में लिपिक पद पर सन 1986 में पदस्थ हुए थे लिपिक पद पर रहते हुए इस दौरान इनको पदोन्नति भी प्राप्त हुई गोगावा में शाखा प्रबंधक के पद पर 2021से आसीन हुए थे इन्होंने बैंक में 39 वर्ष की सेवा के दौरान बैंक को डिपॉजिट एवं ऋण वितरण एवं वसूली में अपना अमूल्य योगदान भी दिया क्षेत्र में वैद्य की अच्छी पकड़ होने से शाखा को जमा राशि करवाने में भी महारत हासिल की वैद्य को डिपॉजिट एवं ऋण वितरण में हेड मुख्यालय से कई बार पुरस्कृत भी किया गया आज इनके सेवानिवृत्ति पर बैंक शाखा के कर्मचारियों में निराशा के साथ खुशी भी दिख रहीं थीं इस दौरान स्टाफ के सहायक गणक यूनुस शेख , ओंकारलाल यादव, कैलाश यादव, गजानंद ताम्रकर, मनोज यादव, प्रशांत गुप्ता, शैलेंद्र गुप्ता, दीपक मोरे, विष्णु चौहान आदी कर्मचारी विदाई के दौरान मौजूद थे।

### सांसद खेल महोत्सव खेल प्रतियोगिता आयोजित



**गोगावा निप्र।** सोमवार को उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल मैदान पर सांसद खेल महोत्सव का आयोजन उत्सुकता से किया गया केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को परखने के लिए एवम खेलो को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव प्रत्येक ब्लाक में आयोजित किए जा रहे है इन खेलो का शुभारंभ ब्लाक शिक्षा अधिकारी राहुल पाध्ये व प्रभारी प्राचार्य अमृतलाल डोंगरे की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित किया गया जिसमे क्षेत्र के गोगावा संकुल के प्राथमिक विद्यालय व माध्यमिक विद्यालय एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के छात्र छात्राओं ने शामिल होकर खेलो का खूब आनंद लिया इसमें मुख्य रूप से बच्चो ने खो खो कबड्डी नींबू रेस एथलीट रस्सा कस्सी क्रिकेट आदि प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमे सर्वाधिक लडकियो ने इन खेलो में बाजी मारकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है जिन्हें शिक्षको ने खूब सराहा इस दौरान इन खेलो को आयोजित कराने में समस्त शिक्षको के साथ ही संकुल से आए प्रधान पाठको की भी सराहनीय भूमिका रही निर्णायक की भूमिका अखिलेश मालवीय उज्जवल यादव की रही इस दौरान खेल समन्वयक अरुणा खोड़े साधना वर्मा महबूब खान फिरोज खान,नानकराम सोलंकी पावन बड़ोदे आदि मौजूद थे।

### नगर पालिका फ्रूट विक्रेताओं के लिए करीब 248 स्थायी दुकानों का निर्माण करेगी



**बडवाह निप्र।** नगर में सब्जी एवं फ्रूट विक्रेताओ के लिए बहुत अच्छी खबर है,क्योकि अब इन्हें अतिक्रमण मुहीम के दौरान बार-बार परेशान न होना पड़ेगा अब नगर पालिका मिडिल स्कुल परिसर में दो हिस्से में सब्जी एवं फ्रूट विक्रेताओ के लिए करीब 248 स्थाई दुकानों का निर्माण करेगे। इस नई मंडी में बिजली,पानी और शौचालय जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यहा पहुचने के लिए तीन गेट रहेगे।दो करोड़ की लागत से बनने वाले निर्माण कार्य का सोमवार नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता एवं पार्षदों ने भूमि पूजन करके निर्माण कार्य शुरू करवाया।नपाध्यक्ष ने कहा कि सर्वसुविधा युक्त दुकाने छह माह में विक्रेताओ को आबंटित करने का प्रयास है,इससे यातायात में भी राहत मिलेगी।भूमि पूजन में भाजपा जिला महामंत्री महीम ठाकुर,नगर मण्डल अध्यक्ष अंकित गुप्ता,पार्षद रजनी भंडारी,पार्षद रूप सिंह रावत,पार्षद रोहित चौरसिया,पार्षद गणेश पटेल,पार्षद सुनील चौधरी,विजय महाजन,अनिल कानूनगो,अज्जू सरकार,विजय वर्मा सहित सीएमओ कुलदीप किशुंक एवं नपाकर्मी मोजूद थे।मंगलवार को दोपहर 12 बजे मिडिल स्कुल परिसर में नपा द्वारा भूमि पूजन कार्यक्रम रखा गया।यहा पर जर्जर स्कुल भवन के पीछे सब्जी बाजार के लिए 188 दुकाने एवं अंग्रेजी मीडियम स्कुल के पास खुले मैदान में फल-फ्रूट विक्रेताओ के लिए 60 दुकाने आबंटित की जाएगी। इसके लिए पिछले कई दिनों से नपा ने सर्वे करके दुकान विक्रेताओ की लिस्ट तैयार कर ली है। नपाध्यक्ष ने कहा कि नवीन मण्डी में पहले वही व्यापारियों को प्राथमिकता दी जाएगी,जिनका नाम सर्वे लिस्ट में है।हालाकि इसके बाद बची दुकाने को लिए भी टेंडर जारी करके दुकाने आबंटित की जाएगी। उल्लेखनीय है वर्तमान में सब्जी बाजार एमजी रोड के पीछे वाली गली एवं सुभाष मार्किट पर लग रहा है।वही फल-फ्रूट विक्रेता इंदौर रोड,नर्मदा रोड,महेश्वर रोड,एमजी रोड चारो मार्गो पर लग रहा है,जिससे यातायात बांधित तो होता ही है,साथ ही दूकान दारो के बीच आएदिन विवाद होते रहते है।यही कारण है की अब नगर पालिका सब्जी एवं फल-फ्रूट विक्रेताओ को स्थाई दुकाने आबंटित करेगी।

### अवैध हथियारों का मुख्य खरीददार गिरफ्तार, दो माह से था फरार



**खरगोन।** जिले में बने अवैध हथियारों को तस्करों के माध्यम से खरीदने वाले मुख्य सरगना तक पुलिस ने पहुंचने में सफलता हासिल की है। थाना बेड़िया पुलिस ने दो माह पहले जाकिर अली निवासी सारंगपुर जिला राजगढ़ को 15 नग देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी जाकिर ने बताया था, कि उसे सुरेन्द्र निवासी बिजीपुरा नवाखेडा सारंगपुर जिला राजगढ ने हथियार खरीदने भेजा था। इस पर पुलिस ने मुख्य खरीददार सुरेन्द्र की गिरफ्तारी के लिए 5000 रुपये का ईनाम घोषित किया था। इस ईनामी आरोपी को पुलिस ने दो माह बाद गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 21.सितंबर को जाकिर अली निवासी सारंगपुर जिला राजगढ़ को पुलिस ने 15 नग देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया था। विवेचना के दौरान आए तथ्यों के अनुसार जानकारी लगी थी कि उक्त अवैध हथियारों को सुरेंद्र नाम के व्यक्ति के कहने पर खरीदा गया था। इस मामले में सुरेंद्र को भी आरोपी बनाया गया था। पुलिस रिकार्ड खंगालने पर सुरेंद्र के पूर्व से 09 के मामले पंजीबद्ध होना पाया गए थे। सुरेंद्र शातिर प्रवृत्ति के होकर अपने रहने के ठिकाने बार-बार बदल रहा था। पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी, परिणामस्वरूप दो माह से फरार चल रहा सुरेंद्र पिता माधवसिंह जाति सोंधिया निवासी बिजीपुरा नवाखेडा तह.सारंगपुर जिला राजगढ़ पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

# स्वास्थ्य जागरूकता में विद्यार्थियों की भूमिका सराहनीय : अरूण यादव

## इंजीनियरिंग, फॉर्मेसी, एवं प्रियदर्शिनी स्कूल बोरावां के विद्यार्थियों द्वारा विश्व एड्स दिवस पर ग्राम मुलठान में जागरूकता रैली का आयोजन




**खरगोन, निप्र।** विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 1 दिसम्बर 2025 को ग्राम मुलठान में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु एक विशाल जनजागरूकता रैली का भव्य एवं प्रभावी आयोजन किया गया। यह रैली जी.आर. व्हाय. इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी तथा प्रियदर्शिनी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, बोरावां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संयुक्त रूप से निकाली गई। रैली ग्राम के मुख्य मार्गों, गलियों और खरगोन-कसरावद मार्ग से होकर पूरे गाँव में निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों की बड़ी संख्या में सहभागिता और उत्सुक उपस्थिति देखी गई।

**उच्च स्वर में गूंजे जनजागरूकता के नारे:** रैली में शामिल 500 से अधिक विद्यार्थियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों ने ऊँची आवाज़ में प्रभावशाली नारे लगाए । 'एड्स से लड़ें, जागरूक बनें ' 'जानकारी लाएँ, एड्स हटाएँ' 'सुरक्षित संबंध - स्वस्थ जीवन' इन नारों की गूंज ने पूरे गाँव में जागरूकता का वातावरण निर्मित कर दिया तथा लोगों में स्वास्थ्य के प्रति सजगता पैदा की।

### स्वास्थ्य जागरूकता में विद्यार्थियों की प्रशंसनीय भूमिका : यादव

संस्थान अध्यक्ष श्री अरुण यादव ने इस सामाजिक पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि 'ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य जागरूकता के प्रसार में हमारे विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की भूमिका अत्यंत सराहनीय है। जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी, जी. आर. व्हाय. इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एवं प्रियदर्शिनी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल सदैव समाज सेवा और जनहित कार्यों के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सेवा, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं।' कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों, ग्रामीणों, अतिथियों एवं स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। साथ ही यह संकल्प लिया कि 'स्वास्थ्य जागरूकता एवं जनकल्याण के ऐसे अभियान आगे भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि समाज में स्वास्थ्य-सुरक्षा और जागरूकता का स्तर और अधिक सुदृढ़ हो सके।'




# मंडलेश्वर में मोक्षदा एकादशी पर गीता जयंती

**मंडलेश्वर निप्र।** गीता जयंती के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में गीता की अनिवार्यता और महत्व को बढ़ाने हेतु व्याख्यान आयोजित किया गया। महाविद्यालय संचालक बीएम पाटीदार और अकादमिक संचालक संजय गर्ग ने सभी विद्यार्थियों को गीता जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी और दिव्य ज्ञान को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। 'भगवान से विमुख जीव अपनी भोग वांछा के कारण भगवान से उसका स्वाश्वत संबंध भूल गया है, भगवान कभी विभिन्न अवतार लेकर, तो कभी अवतारी स्वयं इस धरा (भूधाम) पर चले आते हैं। यही भगवान का सभी जीवों से प्रेम है।'

उक्त व्याख्यान कॉमर्स विभाग के प्रो. शिवपाल सिंह पटेल ने अपने वक्तव्य में सभी विद्यार्थियों से साझा किए तथा श्रीमद् भगवत गीता जो मोक्षदा एकादशी अर्थात् आज से लगभग 5200 वर्ष पूर्व भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन के संशय को दूर करने के लिए 1 मुहूर्त (48 मिनिट) में कुरूक्षेत्र में कही थी। भगवत गीता, भगवान का गीत है जिसमें भगवान ने प्रकृति, पुरुष और चेतना का विवेचन किया था। इस्कॉन के फाउंडर आचार्य एचडी ऐ.सी. भक्ति वेदांत श्रील प्रभुपाद जी ने यथार्थ गीता को ठीक वैसे ही संकलित किया है, जैसे भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन के माध्यम से सभी जीवों से कही है। अपनी ओर से कुछ भी जोड़ा या घटाया नहीं है, जैसे पोस्टमैन संदेश पत्र को बिना कुछ घटाएं या जोड़े प्राप्तकर्ता को देता है। गीता का ज्ञान सदैव नवनीत रहता है, इसकी अपरिहार्तता, इसका महत्व कभी कम नहीं होता है। विद्यार्थियों ने कई प्रश्नों के सटीक उत्तर अपने पूर्व ज्ञान के आधार पर दिए। साथ ही शास्त्रों की दिव्य शिक्षा का आत्मसात किया। इस अवसर पर संयोजक प्रो. हरिवल्लभ शास्त्री और महाविद्यालय परिवार से प्रो. राजेंद्र पाटीदार, प्रो. मुरलीधर कर्मा, प्रो.अंकित चौरे आदि के साथ समस्त प्राध्यापक और सभी विद्यार्थी गीता महोत्सव व्याख्यान में उपस्थित रहे।

### गीता जयंती पर निकाली संकीर्तन यात्रा



**खरगोन।** समीपी ग्राम बड़गांव में गीता जयंती पर संकीर्तन यात्रा निकाली गई। महर्षि वाल्मीकि पब्लिक स्कूल से यात्रा प्रारंभ हुई जिसमें साधकों के साथ ही बड़ी संख्या में बच्चे भी शामिल हुए। यात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए कुशवाह समाज धर्मशाला पहुंची। यहां भागवत गीता पर बच्चों ने श्लोक का अर्थ ग्रामीणों को समझाया। आश्रम संचालक जगदीश भाई ने भागवत गीता का महत्व समझाया। लखन कुशवाह, शुभम सनातनी, जगदीश, छन्नूलाल पटेल, सुनील, जितेंद्र बिडारे, श्याम, श्रीराम, जितेंद्, पंडरी, पीयूष, हरि युवा सेवा संघ अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

### सामूहिक गीता पाठ और गीता आरती की गई



कसरावद, निप्र। श्री निमाड़ पाटीदार एजुकेशन सोसायटी कसरावद द्वारा संचालित स्थानीय सीबीएसई विद्यालय पैरामाउंट अकैडमी कसरावद में 1 दिसम्बर 2025 को भगवत गीता जयंती अत्यंत श्रद्धा, गरिमा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम प्रभारी प्रितेश पाटीदार ने बतलाया कि आयोजन का शुभारंभ विद्यालय परिसर में सामूहिक गीता पाठ से हुआ, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अतिथियों ने भाग लेकर श्रीमद्भगवद्गीता के उपदेशों का श्रवण किया। गीता पाठ के बाद आयोजित गीता आरती ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मक भावनाओं से भर दिया। समारोह के मुख्य वक्ता पंडित ऋषि व्यास रहे, जिन्होंने भगवत गीता के शाश्वत संदेशों — कर्तव्य, कर्मयोग, आत्मबल और जीवन में संतुलन — पर विस्तृत एवं प्रेरणादायी व्याख्यान प्रस्तुत किया। उनका उद्बोधन विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध हुआ तथा उपस्थित सभी जनों ने इसे अत्यंत उपयोगी और विचारोत्तेजक बताया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन प्रितेश पाटीदार द्वारा किया गया, जिन्होंने व्यवस्थित रूप से संपूर्ण आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। प्रितेश पाटीदार ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों से विद्यार्थियों में न केवल नैतिक मूल्यों का विकास होता है, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति सम्मान भी बढ़ता है।

### अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव पर जिला जेल खरगोन में श्रीमद्भगवतगीता का व्याख्यान



खरगोन, निप्र। शासन निर्देशानुसार अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारी आश्रम खरगोन की बहनों द्वारा जिला जेल खरगोन में बंदियों के बीच श्रीमद्भगवतगीता के 15वें अध्याय (कल्प वृक्ष) का व्याख्यान किया गया। जिससे बंदियों के विचारों और व्यवहार में सकारात्मकता का विकास हो सके एवं श्रेष्ठ जीवन जीने की कला सीख सके।

## एक नजर में

### संक्षिप्त प्रवास पर बुआ से मिलने पहुंचे, डॉ . प्रमोद खरगोनकर

# अमेरिका और भारत के कामन इंट्रेस्ट है मुझे आशा है कि जल्द संबंध ठीक होंगे

**कमलेश चौहान**

**मंडलेश्वर निप्र।** सादा जीवन उच्च विचार रखने वाले डॉ प्रमोद खरगोनकर अमरीका जैसे विकसित राष्ट्र में 1978 से बतौर प्रोफेसर एक लंबा और सफल जीवन जी रहे है। 1956 में शिक्षक माता पिता के घर इंदौर में जन्मे प्रमोद की प्रारंभिक शिक्षा कन्नौद के शासकीय स्कूल में हुई जहां उनके माता पिता शिक्षक थे मिडिल स्कूल की पढ़ाई जूनी इंदौर के शासकीय स्कूल में हुई हायर सेकंडरी वैष्णव स्कूल इंदौर से करने के बाद आई आई टी मुंबई से इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग में बी टेक किया उसके बाद मास्टर्स डिग्री अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ फ्लोरिडा से करने के बाद वहीं से पी एच डी की और फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी में ही असिस्टेंट प्रोफेसर बने।



**राष्ट्रपति बराक ओबामा के लिए किया कार्य:-** जब बराक ओबामा अमरीका के राष्ट्रपति बने तब डॉ प्रमोद खरगोनकर नेशनल साइंस फाउंडेशन से जुड़े जो अमरीका में रिसर्च करने वालो के लिए आर्थिक मदद देता है। बतौर इंजीनियरिंग डायरेक्टर इस फाउंडेशन के माध्यम से बराक ओबामा के लिए काम करने का मौका मिला।बराक ओबामा के शासनकाल 2009 से 2017 तक भारत और अमरीका के सम्बन्ध बहुत अच्छे रहे यह कहा जा सकता है तब सोलर ऊर्जा और पब्लिक हेल्थ जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच बड़ी साझेदारी थी उस समय कई भारतीय डेलिगेशन अमरीका आए उनसे डॉ खरगोनकर ने मुलाकात की थी

**मंडलेश्वर से जुड़ी बचपन की यादें:-** मंडलेश्वर के जागीरदार परिवार से उनका रिश्ता है अमोल जागीरदार की बुआ आई डॉ प्रमोद खरगोनकर की भी बुआ है जो एक सेवानिवृत्त शिक्षक है। 1962 में प्रकाश अपनी बुआ के पास एक साल पढ़े थे तब उनकी बुआ बाल विद्या मंदिर महेश्वर में शिक्षक थी। बुआ के हाथ का दाल भात डॉ प्रकाश ने आज भी खाया।काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन किए और यहां बिताए अपने बचपन को याद किया। डॉ प्रमोद खरगोनकर एक परंपरावादी महाराष्ट्रीयन परिवार से संबंध रखते है जब वे अमरीका गए तो उनकी मां से प्रोमिस किया था कि पत्नी भारतीय ही लाऊंगा उन्होंने अपना वादा निभाया और परिवार की पसंद की महाराष्ट्रीयन लड़की से ही परम्परागत तरीके से 1983 में विवाह किया।मांस मदिरा से भी दूर।रहे आज भी सादा भोजन करते है मंडलेश्वर प्रवास के दौरान बुआ के हाथ के बने दाल चावल ही खाए।

**बेहतर संबंध की पूरी संभावना है:-** डॉ खरगोनकर को आशा है कि भारत और अमरीका के सम्बन्ध और मजबूत होंगे क्योंकि भारत और अमरीका दोनों ही दुनिया की दो बड़ी लोकतांत्रिक शक्ति है अमरीका समझता है कि भारत लार्जेस्ट इकोनॉमी है यहां के लोग वेल एजुकेटेड है भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था है अमरीका में 25 से 30 लाख भारतीय है जो वहां के नासा,डिफेंस ,कंपनीज गवर्नमेंट सहित हर फील्ड में अपनी योग्यता के बल पर आगे है।डॉ प्रमोद ने कहा मुझे पूरी आशा है कि भारत अमरीका संबंध बेहतर होंगे।